卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 156 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦शनिवार ♦14 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# आधुनिक तकनीक और पारंपरिक ज्ञान से समृद्ध बनेंगे किसान: धामी

## पंतनगर में आयोजित 119वें अखिल भारतीय किसान मेले का मुख्यमंत्री ने किया औपचारिक उदघाटन







पंतनगर (उद संवाददाता)। देश में हरित क्रांति की जननी रहे गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गांधी मैदान में शनिवार को 119वें अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ है जिसने अपनी शोध और मेहनत से भारत को अनाज के मामले में आत्मनिर्भर बनाया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह के साथ मेले में लगी विभिन्न कृषि प्रदर्शनी और स्टॉलों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने उन्नत किस्म के बीजों, आधुनिक खाद, कीटनाशकों और विशेष रूप से ड्रोन तकनीक एवं सौर ऊर्जा से चलने वाले कृषि यंत्रों में गहरी रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री ने स्टॉलों पर मौजूद वैज्ञानिकों और उद्यमियों से संवाद करते हुए कहा कि हमें ऐसी मशीनरी विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए जो हमारे उत्तराखंड के दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों के छोटे किसानों के लिए भी किफायती और सुलभ हो। इस मौके पर कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया तथा विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं की जानकारी दी। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन संकल्प से सिद्धि को साकार करने के लिए हमारी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य पर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज का युग विज्ञान और सूचना तंत्र का है, इसलिए अब किसानों को केवल पारंपरिक खेती तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने किसानों से श्लैब टू लैंडश यानी प्रयोगशाला की तकनीक को खेत की मिट्टी तक उतारने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उत्तराखंड सरकार जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष क्लस्टर बना रही है ताकि यहां के उत्पादों को वैश्विक बाजार में हिमालयी ब्रांड के रूप में नई पहचान मिल सके। मुख्यमंत्री ने बागवानी और फूलों की खेती (फ्लोरीकल्चर) पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रदेश में एप्पल मिशन और कीवी मिशन के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति में क्रांतिकारी सुधार लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को निर्देश दिए कि वे जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए कम पानी में अधिक पैदावार देने वाली किस्मों पर शोध करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र के लिए बजट का एक बड़ा हिस्सा आवंटित (शेष पृष्ठ 7 पर)

# कार खाई में गिरने से बैंक कैशियर की मौत

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा जनपद के सल्ट क्षेत्र में तल्ला सल्ट के कूपी बैंड पर एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

**आवश्यकता है**
एक जीएसटी अनुभवी एकाउन्टेंट की।
-सम्पर्क करें-
मोबाईल नम्बर
9548200711
8218640588



इस हृदयविदारक हादसे में कार चला रहे बैंक कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक थलीसैंण स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शाखा में हेड कैशियर के पद पर तैनात थे और छुट्टी पर अपने घर काशीपुर जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह मरचूला क्षेत्र के कूपी बैंड के पास स्टेट हाईवे पर एक कार संख्या यूके 19बी 0880 अचानक अनियंत्रित हो गई। चालक जब तक वाहन पर नियंत्रण पाता, कार सड़क से फिसलकर लगभग 60 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मार्ग से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने जब खाई में (शेष पृष्ठ 7 पर)

# सड़क निर्माण नहीं होने पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

रुद्रपुर।जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों का धैर्य जवाब देने लगा है। महतोष से नवाबगंज तक के चार किलोमीटर मार्ग का निर्माण वर्षों से न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। रतनपुरी स्थित शिव मंदिर के पास ग्रामीणों ने धरना दिया, जिससे मार्ग पर घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मांग का समर्थन किया और सरकार व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ तीखा रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महतोष-नवाबगंज



मार्ग की हालत बद से बदतर हो चुकी है। आश्चर्यजनक पहलू यह है कि इस मार्ग का जन प्रतिनिधियों द्वारा औपचारिक रूप से शिलान्यास भी किया जा चुका है, लेकिन पत्थर लगने के बावजूद निर्माण कार्य धरातल पर शुरू नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि नेता केवल नारियल (शेष पृष्ठ 7 पर)

# भीषण आग में तीन दुकानें हुई खाक

काशीपुर(उद संवाददाता)। बहन के अंतिम दर्शनों के लिए गाजियाबाद निकले व्यापारी अनिल शर्मा के प्रतिष्ठान में आज सुबह अज्ञात कारणों से भड़की आग ने देखते ही देखते हजारों रुपए कीमत का माल जलाकर राख कर दिया। जानकारी के मुताबिक आवास विकास निवासी अनिल शर्मा की महाराणा प्रताप चौक के समीप साइकिल की दुकान है। शुक्रवार को अनिल शर्मा को सूचना मिली कि गाजियाबाद निवासी उनकी बहन का निधन हो गया है। इसी



सूचना पर वह शनिवार तड़के बहन के अंतिम दर्शनों के लिए गाजियाबाद निकल पड़े। इधर सुबह लगभग 6बजे अज्ञात कारणों के चलते साइकिल मरम्मत की दो दुकानों समेत एक फल की दुकान में अचानक आग भड़क उठी। दुकानों से धुआं उठता देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर तमाम मशक्कत के बाद भड़की आग पर काबू पाया लेकिन तब तक साइकिल मरम्मत की दुकान में रखा हजारों रुपए कीमत का टायर ट्यूब समेत अन्य सामान जलकर (शेष पृष्ठ सात पर)

# बड़ी चोरी का खुलासा,लाखों के जेवर सहित शातिर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी के कुशल निर्देशन में मुखानी पुलिस ने चोरी की एक बड़ी वारदात का सफल अनावरण किया है। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 13 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात और नगदी बरामद की है। इस सफलता पर एसएसपी ने पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 2000 रुपये के नगद इनाम की घोषणा की है। मामले के अनुसार, आदर्श कॉलोनी विठोरिया निवासी हेमचंद्र लोहनी ने 12 मार्च को थाना मुखानी में तहरीर दी थी कि जब वे 2 से 5 मार्च के बीच अपने पैतृक गांव अल्मोड़ा गए हुए थे, तब अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर



जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल और थानाध्यक्ष सुशील जोशी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास के लगभग 100 से 150 सीसीटीवी (शेष पृष्ठ सात पर)

# आग का गोला बनी सड़क किनारे खड़ी कार

किच्छा (उद संवाददाता)। पुलभट्टा क्षेत्र के पास शुक्रवार देर रात सड़क किनारे खड़ी एक कार में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठती देख क्षेत्र



में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर यूनिट किच्छा की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब पौने दो बजे एमटीडी के माध्यम से फायर स्टेशन (शेष पृष्ठ सात पर)

# जेवर-नकदी छोड़ चोर उठा ले गए गैस सिलेंडर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में चोरी की एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। हैरानी की बात यह है कि चोर घर में घुसे, लेकिन उन्होंने न तो सोने-चांदी के जेवरों को हाथ लगाया और न ही घर में रखी नकदी को। इसके बजाय चोर रसोई में रखा भरा हुआ गैस सिलेंडर उठाकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार घटना बीती रात की बताई जा रही है। सुबह जब परिवार के लोगों ने रसोई में देखा तो गैस सिलेंडर गायब था। घर में अन्य सामान और कीमती वस्तुएं सुरक्षित मिलने से परिवार भी हैरान रह गया। बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार द्वारा ट्रांजिट कैंप थाने में तहरीर देने की तैयारी की जा रही है। वहीं पुलिस भी मामले की जानकारी मिलने के बाद जांच में जुट गई है। इधर क्षेत्र में यह अनोखी चोरी चर्चा का विषय बन गई है। लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि संभवत: चोर की मजबूरी रही होगी और घर में गैस खत्म होने के कारण उसने सिलेंडर उठा लिया होगा। हालांकि सिलेंडर चोरी के पीछे असली वजह क्या है, यह तो पुलिस जांच (शेष पृष्ठ सात पर)



**रस्म पगड़ी (उठाला)**

बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिता जी **श्री इन्द्र सेन धींगरा जी** का स्वर्गवास दिनांक 13 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को हो गया है। जिनकी **रस्म पगड़ी ( उठाला ) दिनांक 16 मार्च 2026 दिन सोमवार** को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक श्री दुर्गा मंदिर, विष्णुपुरी गली नंबर 10, रामपुर रोड, हल्द्वानी में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

पुनीतलाल धींगरा, किशोर धींगरा, दिलीप धींगरा (भाई)
अनीता धींगरा (पुत्री)
किरन-अनिल सुखीजा (पुत्री-दामाद)
अंजू -रमन रेहान(पुत्री-दामाद)
केवल धींगरा-सुनीता(पुत्र-पुत्रवधू)
प्रमोद धींगरा-अनु (पुत्र-पुत्रवधू)
रवि धींगरा-रितिका (पौत्र-बहू)
सौरभ धींगरा-गगनदीप(पौत्र-बहू)
आशीष धींगरा-गुंजन (पौत्र-बहू)
एवं समस्त धींगरा व सडाना परिवार

**निवास-विष्णुपुरी, गली नम्बर 10, रामपुर रोड, हल्द्वानी**
**मोबाईल-8006554500] 7409795000] 9899267363**

# पांच दिन चला विधानसभा सत्र, बजट हुआ पारित

## अनिश्चितकालीन काल के लिए स्थगित हुआ बजट सत्र,विपक्ष प्रश्नों का संसदीय कार्यमंत्री सुबोध उनियाल ने दिया जवाब

गैरसैंण (चमोली)। भराड़ीसैंण में विधानसभा सत्र के पांचवें व अंतिम दिन शुक्रवार देर रात्रि सदन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के 1,11,703.21 करोड़ रुपये का बजट पर मुहर लगा दी। लगातार दो दिन लगभग 11 घंटे बजट पर हुई चर्चा में सत्तापक्ष के 30 और विपक्ष के 13 विधायकों ने भाग लिया। देर रात्रि लगभग 12.30 बजे विभागवार बजट के साथ ही विनियोग विधेयक को विधानसभा में बहुमत से पारित किया गया। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु भूषण खंडूरी ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की । सीएम धामी ने सोमवार को विधानसभा सत्र के पहले दिन वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 111703.21 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। वर्तमान वित्तीय वर्ष की तुलना में इस बजट के आकार में 10.41 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। बजट में सरकार ने आत्मनिर्भर व विकसित उत्तराखंड के संकल्प को पूरा करने के लिए ज्ञान व संतुलन का मंत्र दिया। यह पहला मौका है जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में वित्त मंत्री के रूप में अपनी सरकार का बजट पेश किया था। कुल पांच दिन तक चले सत्र में देवभूमि परिवार, जनविश्वास व समान नागरिक संहिता संशोधन विधेयक समेत 11 विधेयक पारित किए गए। संभवतया यह पहला मौका है जब सदन की कार्रवाई दूसरे दिन में प्रवेश कर गई। इससे पहले बजट पर चर्चा में विपक्ष की ओर से उठाए गए प्रश्नों के जवाब में संसदीय कार्यमंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि नए बजट में सभी वर्गों के हितों को ध्यान रखा गया है। संतुलित विकास और भविष्य की आर्थिक प्रगति इसके केंद्र में है। नौ मार्च को प्रारंभ हुए बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को प्रश्नकाल में प्रश्नों की झड़ी लगी तो शून्यकाल में कार्यस्थगन की सूचनाओं को ग्राह्यता पर सुने जाने के बाद बीते दिवस से जारी सामान्य बजट पर चर्चा शुरू हुई। इसका जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि यह बजट प्रदेश की प्रगति व विकास को गति देने वाला है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह बजट की आलोचना करते हुए इसमें वित्तीय कुप्रबंधन की बात कर रहा है, लेकिन वित्तीय प्रबंधन को लेकर आज ही राज्य को पुरस्कार भी मिले हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऋण की स्थिति नियंत्रण में है। बजट में किसान, नारी सशक्तीकरण, नवाचार पर विशेष जोर देते हुए इसके लिए बजटीय प्रविधान किए गए हैं। प्रदेश में आय के नवीन स्रोत तलाशे गए हैं, जिसमें ग्रीन सेस, आर्थिकी एवं पारिस्थितिकीय पर्यटन के नए द्वार खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष कह रहा है कि लोकलुभावन बजट है, यह सही बात है। जनता के प्रति जो जिम्मेदारी बनती है, उसके निर्वहन की पूरी व्यवस्था की गई है। दीर्घकालिक व समावेशी विकास को बजट में व्यवस्था की गई है। रिवर्स माइग्रेशन को देखते हुए पर्यटन, कृषि, बागवानी से रोजगार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। रोजगार व उद्यमिता को बढ़ावा देने की व्यवस्था की गई है। समाज कल्याण का बजट लगातार बढ़ाया जा रहा है। युवाओं को रोजगार देने के लिए नई भर्तियां हो रही हैं। गैरसैंण के विकास की रूपरेखा खींची गई है। निश्चित रूप से यह बजट सर्वस्पर्शी व सर्वाग्राही है। पांच दिन में सदन की कार्यवाही 41 घंटा 10 मिनट







## जंगली जानवरों से किसानों की फसल बचाने के लिए केंद्र सरकार ने मंजूर किए 25 करोड़

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में जंगली जानवरों से किसानों की फसल को बचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास रंग लाए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बीच हुई वार्ता के बाद घेर बाड़ योजना के लिए केंद्र सरकार से एक बार फिर आर्थिक सहायता मिलनी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने उत्तराखंड के लिए 25 करोड़ रुपये की विशेष सहायता राशि को मंजूरी प्रदान कर दी है।उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में जंगली जानवरों द्वारा फसलों को भारी नुकसान पहुँचाया जा रहा है। इसकी प्रभावी रोकथाम के लिए राज्य सरकार ने घेर बाड़ योजना संचालित की है। लगभग तीन वर्ष पूर्व तक इस योजना को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत केंद्रीय कृषि मंत्रालय से वित्तीय सहयोग प्राप्त हो रहा था। परंतु बीच में यह सहायता बंद होने के कारण किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया था। किसानों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राज्य सरकार ने जिला योजना के माध्यम से बजट उपलब्ध कराकर इस कार्य को जारी रखा। मुख्यमंत्री इस महत्वपूर्ण योजना के लिए पुन: केंद्रीय मदद प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रयासरत थे।विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को सदन में इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि पिछले दिनों गौचर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष इस विषय को प्रमुखता से रखा गया था। सरकार के इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अब 25 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है और इस संबंध में आधिकारिक पत्र भी विभाग को मिल चुका है।सदन में विभागीय आंकड़ों को साझा करते हुए बताया गया कि पिछले तीन वर्षों के दौरान जिला योजना के बजट से प्रदेश में कुल 2841 हेक्टेयर कृषि भूमि की घेर बाड़ कराई गई है। इस योजना का सीधा लाभ अब तक 44 हजार 429 किसानों को मिल चुका है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सदन को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस विषय पर अत्यंत संवेदनशील रहे हैं और उन्हीं के प्रयासों से केंद्र से यह मदद बहाल हुई है। राज्य सरकार ने भी अपने इस बार के बजट में घेर बाड़ योजना के लिए अलग से दस करोड़ रुपये का प्रावधान किया है ताकि किसानों की फसलों को पूरी तरह सुरक्षित किया जा सके।



## मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन योजना के तहत अल्मोड़ा में खुलेगा विदेशी भाषा प्रशिक्षण केंद्र

देहरादून (उद संवाददाता)। विदेशी भाषाएं सीखकर सात समंदर पार नौकरी करने का सपना देखने वाले छात्र-छात्राओं के लिए राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। सरकार ने अल्मोड़ा में नया लैंग्वेज ट्रेनिंग सेंटर खोलने की विधिवत घोषणा की है। मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के अंतर्गत वर्तमान में प्रदेश का एकमात्र केंद्र देहरादून में संचालित है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2023 में हुई थी। अल्मोड़ा में केंद्र खुलने के बाद राज्य में ऐसे केंद्रों की संख्या बढ़कर दो हो जाएगी, जिससे कुमाऊं के युवाओं को विशेष लाभ मिलेगा।राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2023 में शुरू की गई मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के तहत देहरादून स्थित केंद्र में युवाओं को विभिन्न विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और वहीं से उनके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौकरियों की व्यवस्था भी की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभाग को इन केंद्रों का विस्तार करने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को वैश्विक मंच पर करियर बनाने का मौका मिल सके। विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सदन में अल्मोड़ा में नया प्रशिक्षण केंद्र खोलने की आधिकारिक घोषणा की।युवाओं के प्रशिक्षण को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस योजना के बजट में भारी बढ़ोतरी की गई है। पूर्व में प्रशिक्षण के लिए निर्धारित 75 लाख रुपये के बजट को बढ़ाकर अब 3.3 करोड़ रुपये कर दिया गया है। कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सदन को बताया कि मुख्यमंत्री की सकारात्मक सोच के कारण ही बजट में यह वृद्धि संभव हुई है, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता और दायरा दोनों बढ़ेंगे।इस योजना की सफलता के आंकड़े साझा करते हुए सरकार ने बताया कि अब तक 147 बच्चों को विदेशी भाषा का प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से 92 युवाओं को विभिन्न देशों में प्रतिष्ठित नौकरियां प्राप्त हुई हैं। इन केंद्रों में 8 से 10 माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसके लिए 16 अधिकृत एजेंसियां कार्यरत हैं। वर्तमान में 10 और बच्चों के लिए सऊदी अरब में नौकरी का प्रस्ताव भी पाइपलाइन में है।पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के हालातों के बीच राज्य सरकार विदेशों में कार्यरत अपने युवाओं की सुरक्षा को लेकर भी पूरी तरह सतर्क है। सदन में कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने आश्वस्त किया कि सऊदी अरब में सेवारत उत्तराखंड के सभी 30 बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं और सरकार उनके निरंतर संपर्क में है।



## विधायक सुमित ने सदन में उठाई बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं और गैस किल्लत की आवाज

भराड़ीसैण (उद संवाददाता)। विधानसभा सत्र के दौरान हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने प्रदेश की चरमराती स्वास्थ्य सेवाओं, आयुष्मान योजना की विसंगतियों और एलपीजी गैस की किल्लत का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पर्वतीय और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण लोग समय पर उपचार न मिलने से अपनी जान गंवा रहे हैं, जो कि बेहद चिंताजनक है।सदन को संबोधित करते हुए सुमित हृदयेश ने कहा कि उचित स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में जिला पंचायत अध्यक्ष अल्मोड़ा बिष्ट का असमय निधन होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह घटना प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलती है। उन्होंने हल्द्वानी में प्रस्तावित कैथ लैब के निर्माण में हो रही लगातार देरी पर भी कड़ा रोष जताया।सुमित हृदयेश ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के गोल्डन कार्ड के तहत इलाज न मिलने की समस्या को पेंशनभोगियों के साथ अन्याय बताया। साथ ही उन्होंने आयुष्मान योजना के नाम पर इलाज से पहले जांचों के लिए गरीब जनता से पैसे वसूलने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने मांग की कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत इलाज के साथ-साथ सभी आवश्यक जांचें भी पूरी तरह निशुल्क की जानी चाहिए। युवाओं के रोजगार की दिशा में कदम उठाते हुए उन्होंने हल्द्वानी में विदेशी भाषा प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की भी मांग सदन में रखी।इसके अतिरिक्त प्रदेश में व्याप्त एलपीजी गैस की भारी किल्लत को लेकर कांग्रेस के समस्त विधायकों ने सदन में धरना दिया। सुमित हृदयेश ने कहा कि महंगाई की मार झेल रही जनता गैस के कृत्रिम संकट से परेशान है।



## नजूल भूमि की रजिस्ट्री निशुल्क कराने के लिए सीएम को सौंपा पत्र

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नजूल भूमि पर रहने वाले हजारों गरीब परिवारों को बड़ी राहत दिलाने की दिशा में विधायक शिव अरोरा ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विधायक ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर एक पत्र सौंपा, जिसमें नजूल भूमि के मालिकाना हक की रजिस्ट्री पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी को पूरी तरह निशुल्क करने का प्रस्ताव रखा गया है। विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि मलिन बस्तियों में नजूल भूमि पर निवास करने वाले हजारों अति निर्धन परिवारों को सरकार द्वारा मालिकाना हक दिया जा चुका है। अब इन परिवारों पर रजिस्ट्री का आर्थिक बोझ न पड़े, इसके लिए स्टांप ड्यूटी माफ किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सचिव आवास और सचिव वित्त को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। विधायक ने कहा कि सरकार ने नजूल भूमि पर रहने वालों को मालिकाना हक देकर अपना संकल्प पूरा किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जिस प्रकार सरकार ने पूर्व में रुद्रपुर के 3,500 से अधिक गरीब परिवारों को मालिकाना हक के पट्टे देकर जनहित में कार्य किया है, उसी प्रकार शेष परिवारों की समस्याओं का भी समाधान होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि न्यायालय में लंबित मामलों में मजबूत पैरवी कर जल्द समाधान निकाला जाए, ताकि 50 वर्ग मीटर से कम क्षेत्रफल वाले शत-प्रतिशत पात्र लोगों को मालिकाना हक मिलने का रास्ता साफ हो सके।



# महिला आयोग आपके द्वार अभियान के तहत हुई जनसुनवाई

## जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा और सामाजिक योजनाओं से जुड़ी अपनी समस्याएं आयोग के समक्ष रखीं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।राष्ट्रीय महिला आयोग के अभियान महिला आयोग आपके द्वार के अंतर्गत, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग द्वारा 09 मार्च से 13 मार्च तक राज्य के विभिन्न जनपदों में महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जन सुनवाई के अंतिम दिन शुक्रवार को जनपद उधम सिंह नगर के जिला सभागार में 'महिला जनसुनवाई' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य महिला आयोग की माननीय अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कण्डवाल द्वारा की गई तथा उनके साथ आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती कंचन कश्यप की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा और सामाजिक योजनाओं से जुड़ी अपनी समस्याएं आयोग के समक्ष रखीं, जिस पर माननीय अध्यक्ष ने मौके पर उपस्थित संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया और शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कण्डवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आयोग का लक्ष्य उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं तक पहुँचकर उन्हें न्याय दिलाना, उनकी पीड़ा को समझना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है तथा श्महिला आयोग आपके द्वारश पहल इसी दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक महिला की समस्या को समझा और सुना जाएगा और हर संभव सहायता की जाएगी। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धामी जी महिलाओं की समस्याओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु अनेक




योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि महिलाएं जागरूक होकर उनका लाभ उठाकर सशक्त हो सके।उन्होंने जोर देते हुए कहा कि महिला आयोग की प्राथमिकता सदैव घर जोड़ने की रही है और उन्होंने असंगठित क्षेत्र की महिलाओं को अपनी शिकायतों और समस्याओं के समाधान हेतु जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।महिला जनसुनवाई के दौरान अध्यक्ष ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि महिला आयोग के निर्देशों को कोई भी विभाग हल्के में न ले। उन्होंने पुलिस विभाग को विशेष रूप से निर्देशित किया कि यदि कोई महिला अपनी समस्या या शिकायत लेकर आए तो उन्हें मायूस होकर न जाना पड़े, उन्हें संतुष्ट करके भेजें तथा उनकी समस्या को धैर्य से सुनते हुए उनके साथ मधुर व्यवहार बनाए रखें। उन्होंने कहा महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण शासन–प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जनसुनवाई के दौरान 13 फरियादियों ने अपनी समस्याओं को आयोग के सम्मुख रखा, जिनमें से कई संवेदनशील मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि गंभीर प्रकरणों को आगामी कार्यवाही हेतु आयोग मुख्यालय देहरादून प्रेषित किया गया। इस दौरान जनसुनवाई में कई अन्य गंभीर प्रकरण भी सामने आए, जिनमें कुछ महिलाओं द्वारा पति पत्नी, संपत्ति विवाद, घरेलू हिंसा के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर अध्यक्ष ने उक्त महिलाओं की वन स्टॉप सेंटर में काउंसलिंग कराने तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी को इस संबंध में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए, इसके अतिरिक्त आयोग द्वारा 02 पीड़िता को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निशुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध कराने को कहा गया।इस महत्वपूर्ण जनसुनवाई दौरान सदस्य राज्य महिला आयोग कंचन कश्यप,महापौर रूद्रपुर विकास शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास मुकुल चौधरी, प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, सीओ प्रशान्त कुमार, डी आर वर्मा,अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस पी सिंह, पर्यटन, श्रम प्रवर्तन एवं अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारीगण ,जनप्रतिनिधि सहित महिलाएं भी उपस्थित रहे।

# नैनीताल में अब घर–घर पहुंचेगा गैस सिलेंडर

नैनीताल (उद संवाददाता)। जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। वर्तमान परिस्थितियों में गैस वितरण के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने और उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अब गैस का वितरण केवल डोर–टू–डोर प्रणाली के माध्यम से ही किया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार, अब गैस एजेंसियां अपने परिसर से सीधे सिलेंडरों का वितरण नहीं कर सकेंगी।प्रशासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ऑनलाइन बुकिंग, डीएसपी और ओटीपी प्रक्रियाओं के दौरान अत्यधिक फोन कॉल आने के कारण तकनीकी बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके चलते गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की अनावश्यक भीड़ जमा हो रही है, जिससे समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने में कठिनाई आ रही है। इन परिस्थितियों को देखते हुए सभी गैस एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे उपभोक्ताओं को उनके घर पर ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।




# इमली घाट से हो रहे खनन से शांतिपुरी क्षेत्र की जनता परेशान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से कैंप कार्यालय में कांग्रेस प्रवक्ता और पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गणेश उपाध्याय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि लालकुआं इमली घाट गौला से प्रतिवर्ष बड़े स्तर पर खनन कार्य किया जाता है जिससे सरकार को लगभग 15 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। उक्त क्षेत्र में खनन के लिए करीब 600 ट्रैक्टर ट्राली शांतिपुरी नंबर तीन, दो और एक से होते हुए शांतिपुरी गेट की ओर निकलती हैं। इस मार्ग पर लगभग 25 हजार की आबादी निवास करती है जिन्हें खनन की गाड़ियों से उड़ने वाली धूल के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को बताया कि इस मार्ग के पास एक इंटर कॉलेज, दो हाई स्कूल, तीन प्राइमरी स्कूल और एक जूनियर



हाई स्कूल स्थित है जहां बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। भारी वाहनों की आवाजाही से यह सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। शिकायत में यह भी कहा गया कि इमली घाट गेट से होने वाले खनन का करोड़ों रुपया राजस्व के रूप में जिला नैनीताल को मिलता है लेकिन प्रभावित क्षेत्र ऊधम सिंह नगर का शांतिपुरी इलाका होने के बावजूद वहां खनन न्यास निधि से कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है। प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से मांग की कि इमली गोलाघाट से लेकर शांतिपुरी लिंक मार्ग नंबर तीन तक लगभग डेढ़ किलोमीटर हॉट मिक्स सड़क बनाई जाए। इसके साथ ही शांतिपुरी नंबर तीन से शांतिपुरी गेट तक 3 किलोमीटर लंबे मार्ग के दोनों ओर पैदल पथ पर टाइल्स निर्माण कराया जाए। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इस मामले को जल्द ही खनन विभाग को भेजा जाएगा और संबंधित विभागों से आकलन बनवाकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रेम प्रकाश आर्य, प्रधान शांतिपुरी तीन बचुली देवी, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी नैनीताल सतीश नैनवाल, ललित बिष्ट, तेज सिंह बिष्ट, प्रिंस कुंवर और फकीर राम उपस्थित थे।




# श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

गदरपुर। नगर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान परम पूजनीय संत श्री अगम पूरी जी महाराज, संत संतोष पूरी जी, संत त्याग पूरी जी, संत अनुराग पूरी जी महाराज तथा संत विवेक पूरी जी महाराज कुरुक्षेत्र से पधारे और अपने सत्संग व प्रवचनों से संगत को भाव–विभोर कर दिया।कथा में संतों ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की पवित्र मित्रता का मार्मिक प्रसंग भजनों और संगीतमय वाणी के माध्यम से सुनाया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव–विभोर हो उठे। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग अर्पित किया गया और भक्ति–भाव के साथ आरती एवं भजन–कीर्तन किया गया।यह साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सुरेंद्र मिंगलानी एवं अतुल मिंगलानी (किच्छा) द्वारा अपने स्वर्गीय पिता श्री भागवान दास मिंगलानी की स्मृति में कराया जा रहा है। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भक्त अशोक बजाज, विजय शर्मा, पहलवान दास खुघर, नीशू मिंगलानी, सुशील बजाज, वेद प्रकाश, सुदर्शन गुंबर, केवल खुघर, सीमा मिंगलानी, सुरभि मिंगलानी, आकांक्षा मिंगलानी तथा ओमप्रकाश गुंबर सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।






# पुलिस ने वाहन चोर साहिल की निशानदेही पर दो और बाइकें की बरामद

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में रिमांड पर लिए गए अभियुक्त की निशानदेही पर दो और चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद करने में सफलता हासिल की है। बरामद वाहन काशीपुर रोड पर निर्माणाधीन रिंग रोड के समीप एमिनिटी स्कूल के पास जंगल से बरामद किए गए हैं। बता दें कि बीते 5 मार्च 2026 को जनता ने एक बाइक चोर को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। पुलिस की विस्तृत पूछताछ के बाद इस मामले में दो अभियुक्तोंख्र महेंद्र सैनी और सुहिल (साहिल) पुत्र छोटे, निवासी टांडा हुरमतनगर, बिलासपुर (रामपुर) को गिरफ्तार किया गया था। 6 मार्च को इनकी निशानदेही पर बिलासपुर क्षेत्र से तीन चोरी की बाइकें पहले ही बरामद की जा चुकी थीं, जिसके बाद इन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। अभियुक्तों ने पूछताछ में स्वीकार किया था कि उन्होंने कुछ और मोटरसाइकिलें भी चोरी की हैं। इसी आधार पर पुलिस ने अभियुक्त साहिल का माननीय न्यायालय से पुलिस अभिरक्षा रिमांड प्राप्त किया। रिमांड के दौरान कड़ाई से पूछताछ करने पर साहिल ने अन्य छिपाए गए वाहनों की जानकारी दी। शुक्रवार, 13 मार्च को पुलिस टीम उसे लेकर काशीपुर रोड स्थित निर्माणाधीन रिंग रोड के पास पहुंची, जहां झाड़ियों और जंगल के बीच छिपाकर रखी गई दो और मोटरसाइकिलें यूके 06एडी6637 और यूके 06एबी 4582 बरामद की गईं। पुलिस ने बरामद दोनों मोटरसाइकिलों को कब्जे में ले लिया है। शनिवार, 14 मार्च को अभियुक्त साहिल को बरामद माल के साथ पुनः माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। इस सफल बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह, अपर उपनिरीक्षक अमित कुमार और कांस्टेबल हरीश रावत शामिल रहे।

# धामी जी ,बुलंदियों पर ठहर जाना ,जनता आपके साथ

## भाजपा विधायकों ने की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जमकर की तारीफ, विपक्ष पर भी कसा तंज


गैरसैंण। प्रदेश की शीतकालीन राजधानी गैरसैंण में चल रहे बजट सत्र पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिल रही है। जहां विपक्ष सरकार से विभिन्न मुद्दों पर सवाल कर रहा है, वहीं सरकार के मंत्री और विधायक उनके जवाब देते हुए सरकार की नीतियों और फैसलों का बचाव करते रहे। इसी बीच कालाढूंगी से भाजपा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत का अंदाज सदन में कुछ अलग ही नजर आया। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कार्यशैली की जमकर प्रशंसा की और शेरो-शायरी के अंदाज में उन्हें आगे की कामयाबी के लिए सलाह भी दी। सदन में बोलते हुए भगत ने मुख्यमंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा, "नजर-नजर में ठहरना कमाल होता है, नजर- नजर में उतरना कमाल होता है। धामी जी बुलंदियों को छूना कमाल नहीं होता, बुलंदियों पर पहुंचकर ठहर जाना कमाल होता है। अब आप पहुंचकर ठहर जाना, पूरी जनता आपके साथ है।" उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष को केवल कमियां ही नजर आती हैं। "इनको तो बस यही नजर आता है कि यहां गड़बड़ हो गई, वहां गड़बड़ हो गई, लेकिन अच्छे काम इन्हें दिखाई ही नहीं देते।" बंशीधर भगत के इस अनोखे अंदाज पर सदन में मौजूद सदस्य भी मुस्कुराते नजर आए और माहौल कुछ देर के लिए हल्का हो गया। उनके शेरो-शायरी वाले संबोधन ने बजट सत्र की चर्चा के बीच एक अलग रंग भर दिया।



# पांडेय ने सरकार के साथ विपक्ष का भी किया गुणगान

## पूर्व मुख्यमंत्री तिवारी और पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई को बताया प्रदेश का भगवान

गैरसैंण। उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गदरपुर से भाजपा विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडेय एक बार फिर अपने अलग अंदाज के कारण चर्चा में रहे। सदन में बोलते हुए उन्होंने जहां सरकार की योजनाओं और कार्यों का उल्लेख किया, वहीं विपक्ष के अनुभव और भूमिका की भी सराहना की। विधानसभा में चर्चा के दौरान विधायक पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस विधायक हरीश धामी के अनुभव की प्रशंसा करते हुए कहा कि वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से सीखने का अवसर मिलता है और उनके सुझावों से नीति निर्माण को बेहतर दिशा मिलती है। उन्होंने राज्य के विकास में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व मुख्यमंत्री पंडित नारायण दत्त तिवारी के योगदान का भी उल्लेख किया। पांडेय ने कहा कि इन नेताओं की दूरदर्शी सोच के कारण ही उत्तराखंड में औद्योगिक विकास को गति मिली और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बने। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य की विभिन्न चुनौतियों का भी जिक्र किया और कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने चीनी मिलों के आधुनिकीकरण, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और युवाओं के लिए चल रही योजनाओं का भी उल्लेख किया। शिक्षा के क्षेत्र पर बोलते हुए पांडेय ने कहा कि पूर्व में शिक्षकों की कमी और संसाधनों के अभाव के कारण विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन वर्तमान सरकार इन समस्याओं के समाधान की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में कई नई योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ युवाओं और आम जनता को मिल रहा है। पांडेय ने राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। सरकार द्वारा खेल और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे भविष्य में और बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर काम करना चाहिए, ताकि उत्तराखंड को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके।



# वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन पर महापौर ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर। किच्छा विधानसभा के शांतिपुरी नंबर 04 में आदर्श वॉलीबॉल समिति द्वारा आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक समापन हो गया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के फाइनल में केपी वॉलीबॉल शांतिपुरी की टीम ने अपने दबदबे को बरकरार रखते हुए लगातार छठी बार खिताब जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया।फाइनल मैच में शांतिपुरी के खिलाड़ियों ने जबरदस्त तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। विजेता टीम में विशु, अर्जुन, मंजीत राणा, सूर्यांश तोमर, सोही, भुल्लर और हर्षित चतुर्वेदी ने अपनी खेल प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीत लिया। महापौर विकास शर्मा ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजन प्रतिभाओं को निखारने का बेहतरीन माध्यम हैं। खेल न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए जरूरी हैं, बल्कि ये युवाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना विकसित करते हैं। आज के समय में जब युवा दिशा भटक रहे हैं, ऐसे आयोजन उन्हें सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में सहायक होते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना सराहनीय कदम है और वे खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में हज कमेटी उत्तराखंड के अध्यक्ष खतीब अहमद, अनिल जोशी, भरत शाह, प्रांतीय व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष संदीप राव,आयोजक मंडल के शुभम कोरंगा, दिवाकर कोरंगा, नरेंद्र कोरंगा, तारा सिंह पांडा , ग्राम प्रधान पुत्र ललित बिष्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य ईश्वर सिंह दानू सहित भारी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।





# पूर्व विधायक शुक्ला और ब्लॉक प्रमुख ने किया अंबेडकर पार्क का लोकार्पण

## ग्राम लोहरी गंगापुर में स्थित पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण भी हुआ

रुद्रपुर। विकासखंड के अंतर्गत ग्राम लोहरी गंगापुर में विकास खंड द्वारा निर्मित संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क का लोकार्पण एवं बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम के साथ संयुक्त रूप से किया। सर्वप्रथम शुभारंभ अवसर पर पहुंचने पर कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र गौतम एवं अमरनाथ गौतम, संजय कुमार ने ग्रामवासियों के साथ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को ऐसा मजबूत लोकतांत्रिक ढांचा दिया, जिसमें समाज के हर वर्ग को समान अधिकार और सम्मान मिला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान ने समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की भावना को मजबूत किया और देश के वंचित एवं कमजोर वर्गों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया। कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार "सबका साथ, सबका विकास" के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब के योगदान को सम्मान देने के लिए उनके जीवन से जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थलों को विकसित कर "पंच तीर्थ" के रूप में स्थापित किया है, जिससे देशभर में बाबा साहब के विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को किच्छा में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंतनगर स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की थी, जिसके लिए कार्यदायी संस्था को 54 लाख रुपये की धनराशि जारी हो चुकी है और जल्द ही वहां प्रतिमा स्थापित की जाएगी। कहा कि ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम के निर्वाचित होने के बाद आयोजित स्वागत समारोह में ग्रामवासियों द्वारा लोहरी गंगापुर में अंबेडकर पार्क के निर्माण और बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई थी। उसी क्रम में विकासखंड रुद्रपुर द्वारा पार्क का भव्य निर्माण कराया गया तथा उनके व्यक्तिगत सहयोग से बाबा साहब की भव्य प्रतिमा स्थापित कराई गई है। ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है। यह पार्क और प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को उनके विचारों से प्रेरित करेगी और समाज में समानता का संदेश देगी। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र गौतम ने कहा कि बाबा साहब ने देश को ऐसा संविधान दिया जिसने हर नागरिक को समान अधिकार प्रदान किए। लोहरी गंगापुर में अंबेडकर पार्क और प्रतिमा की स्थापना क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और इससे समाज में जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान गंगापुर रेखा देवी, कोठा दीपिका देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य कुमारी नेहा, मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी, मंडल महामंत्री जितेंद्र गौतम, विजेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अमरनाथ, ठाकुर अश्वनी सिंह, ठाकुर सुदेश प्रताप सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान दीपक मिश्रा, शिवकुमार यादव, नारायण पाठक, प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, दीप नारायण यादव, गोमती प्रसाद, सूरज कुमार, संजय कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा संजय, मनीराम, अजय, गौतम कुमार, प्रेम सिंह, अनुराग, पूर्व ग्राम प्रधान दीपक मिश्रा, सुधीर शाही, गायत्री देवी, पुष्पा देवी, राजमती, कमला, गीता, सुभावती, माया, आरती, प्रियंका, रीटा, नंदिनी, अनुराधा, ओजस, नगर पालिका अध्यक्ष सचिन शुक्ला, नितिन वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि, रघुनाथ गौतम, मुरारी लाल, रामपाल पाल, वंदना कुशवाहा, अंकित पाठक, नीरज खुग्गर, अंकुर उपाध्याय समेत क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।







# अवैध हथियार रखने वालों पर एसएसपी का हंटर

## 15 दिवसीय विशेष अभियान शुरू, पहले ही दिन तीन गिरफ्तार और पाँच तमंचे बरामद

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और फायरिंग की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कड़ा रुख अपनाया है। अवैध शस्त्र रखने और सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन कर दहशत फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने जनपदभर में 15 दिनों का विशेष अभियान शुरू किया है। एसएसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हथियारों के साथ फोटो या वीडियो वायरल करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाए।अभियान के पहले ही दिन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जनपद के विभिन्न थानों में तीन अलग-अलग मामले दर्ज कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से कुल पाँच अवैध तमंचे और 13 कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही से अपराधियों और सोशल मीडिया पर रसूख दिखाने वालों में हड़कंप मच गया है। एसएसपी के निर्देशानुसार सभी थाना और कोतवाली क्षेत्रों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सतर्क निगरानी रखी जा रही है ताकि हथियारों का प्रदर्शन करने वालों पर तत्काल शिकंजा कसा जा सके। कार्यवाही का विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि कोतवाली जसपुर में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक कारतूस बरामद किया गया है। वहीं, कोतवाली रुद्रपुर में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अभियुक्त के कब्जे से 315 बोर के तीन अवैध तमंचे और कुल 11 कारतूस बरामद किए गए। इसी क्रम में कोतवाली सितारगंज पुलिस ने भी एक अभियुक्त को दबोचकर उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और एक कारतूस बरामद किया है। एसएसपी अजय गणपति ने चेतावनी दी है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध शस्त्र रखना और उनका प्रदर्शन करना गंभीर अपराध है और समाज में भय का माहौल बनाने वालों के विरुद्ध यह अभियान पूरी सख्ती के साथ आगे भी जारी रहेगा। पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और संदिग्धों की कुंडली खंगाल रही हैं।



# सभी गैस एजेंसियां गैस की होम डिलीवरी करना सुनिश्चित करें: डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने गैस गोदामों पर उपभोक्ताओं द्वारा लगाई जा रही लंबी कतारों का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि हर हाल में गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए।



उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है, इसके बावजूद कतिपय स्थानों पर लोग सिलेंडरों के लिए गोदामों पर लाइन लगा रहे हैं, जो अनावश्यक है।जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक कुमाऊं मंडल विकास निगम, जिले की सभी गैस एजेंसियों और पूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपभोक्ता अपनी नजदीकी एजेंसी से गैस की बुकिंग कराएं और एजेंसियां उनके घर तक सिलेंडर पहुँचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को वितरण व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग करने और गैस की कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाने के आदेश दिए हैं।जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि पूर्व की भांति रूटीन में गैस की होम डिलीवरी की जाएगी, इसलिए किसी भी प्रकार से पैनिक होने या गैस गोदामों तक आने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे वितरण प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखें ताकि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# रूद्रपुर में हाईवे चौड़ीकरण के दूसरे चरण की कवायद शुरू

## महापौर विकास शर्मा ने प्रशासनिक अमले के साथ डीडी चौक से अटरिया मोड़ तक किया सर्वे

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की धड़कन माने जाने वाले नैनीताल हाईवे पर वर्षों से लगने वाले जाम के झाम से जनता को स्थायी मुक्ति दिलाने के लिए नगर निगम और जिला प्रशासन ने अब दूसरे चरण (फेज-2) की कवायद शुरू कर दी है। प्रथम चरण का कार्य अपने अंतिम पड़ाव पर पहुँचने के साथ ही अब डीडी चौक से लेकर अटरिया मोड़ तक सड़क को चौड़ा करने का खाका तैयार कर लिया गया है। शुक्रवार को महापौर विकास शर्मा ने जिला प्रशासन, विकास प्राधिकरण और लोनिवि के आला अधिकारियों के साथ पूरे मार्ग का सघन निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की रूपरेखा पर व्यापक मंथन किया और अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।गौरतलब है कि करीब तीन माह पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप शहर को सुव्यवस्थित करने के लिए हाईवे चौड़ीकरण का कार्य शुरू किया गया था। प्रथम चरण में इंदिरा चौक से डीडी चौक तक का काम अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। इस दौरान मार्ग में बाधक बनी पुराने रोडवेज बस अड्डे की जर्जर बिल्डिंग को जमींदोज कर दिया गया है और विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग जैसे पेचीदा काम भी लगभग पूरे हो चुके हैं। अब इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए दूसरे चरण में डीडी चौक से अटरिया मोड़ तक की सड़क को विस्तार दिया जाएगा। शुक्रवार को महापौर विकास शर्मा, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम गौरव पाण्डे और नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने संयुक्त रूप से इस पूरे स्ट्रेच का स्थलीय सर्वे किया। टीम ने पैदल चलकर सड़क के दोनों ओर की स्थिति देखी और उन अवरोधों व अतिक्रमण को चिन्हित किया जिन्हें हटाया जाना अनिवार्य है।निरीक्षण के दौरान महापौर ने नवनिर्मित बस टर्मिनल के कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को दो टूक शब्दों में कहा कि टर्मिनल का काम जल्द पूरा कर इसे जनता के लिए समर्पित किया जाए ताकि शहर के भीतर बसों के कारण लगने वाले जाम पर लगाम लग सके। महापौर ने कहा कि फेज-2 का काम शुरू करने के लिए सभी संबंधित विभागों लोनिवि, विद्युत विभाग और विकास प्राधिकरण के साथ तालमेल बिठा लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चौड़ीकरण की जद में आने वाले किसी भी अवैध निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा, क्योंकि शहर का विकास और आम जनता की सुविधा सर्वोपरि है।इस दौरान विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि अटरिया मोड़ से आदर्श कॉलोनी और इंदिरा कॉलोनी को जोड़ने के लिए मिनी बाईपास का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिसकी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि यह मिनी बाईपास भविष्य में रुद्रपुर के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगा और मुख्य हाईवे पर दबाव को काफी हद तक कम कर देगा। महापौर ने प्रतिबद्धता दोहराई कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में रुद्रपुर में विकास का यह सिलसिला रुकने वाला नहीं है और आने वाले समय में मुख्य सड़कों के साथ-साथ आंतरिक सड़कों का जाल भी बिछाया जाएगा ताकि कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जा सके। महापौर ने कहा कि विकास का यह सिलसिला थमने नहीं दिया जायेगा। सर्वे के दौरान नगर निगम और जिला विकास प्राधिकरण के कई वरिष्ठ अभियंता और कर्मचारी मौजूद रहे।







## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आमदनी पर भारी खर्चा

जब किसी भी तरह के रोजगार से आय का स्तर ठहरा हुआ हो, जरिया सीमित हो, तो आम आदमी की उम्मीद यही होती है कि बाजार में जरूरी वस्तुओं की कीमतें उसकी पहुंच में हों या फिर कम से कम स्थिर रहें। मगर पिछले कुछ वर्षों से आमदनी की तुलना में रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों को जितना खर्च करना पड़ रहा है, वह कई बार भारी पड़ता है।माना जाता है कि दिसंबर से फरवरी तक की अवधि में बाजार में सब्जियों की आवक ज्यादा होने की वजह से महंगाई काबू में रहेगी। मगर सरकार की ओर से जारी ताजा आंकडोहं के मुताबिक, देश में खुदरा महंगाई फरवरी में बढ़ कर 3.21 फीसद हो गई। हालांकि जनवरी में यह 2.74 फीसद के स्तर पर रही थी। जाहिर है, सिर्फ एक महीने के भीतर जरूरी वस्तुओं की कीमतों में तेज इजाफा हुआ और यह पिछले दस महीने के सबसे उच्च स्तर पर दर्ज किया गया।कहा जा सकता है कि फरवरी के आंकड़े के मुताबिक महंगाई दर चार फीसद से नीचे है, लेकिन यह भी देखने की जरूरत है कि कीमतों के संदर्भ में जरूरी सामान तक आम लोगों की पहुंच किस हद तक आसान है। यह छिपा नहीं है कि रोजगार और आय की कसौटी पर देश की ज्यादातर आबादी के लिए स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। लंबे समय से स्थिर आमदनी और कमजोर क्रयशक्ति की स्थिति में जब सबसे जरूरी चीजों पर लोगों का खर्च थोड़ा भी बढ़ता है, तो उसके लिए मुश्किलें पैदा होती हैं।फरवरी में महंगाई के आंकड़ों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण दरअसल खाने-पीने की चीजों के दामों में बढ़ोतरी रहा। खुदरा महंगाई से इस बात का पता चलता है कि ग्राहकों की खपत और खर्च की स्थिति क्या है। इसी वजह से रिजर्व बैंक अपनी नीति तय करते समय खुदरा महंगाई को ही अपना आधार बनाता है। अगर खुदरा महंगाई की दर उसके तय दायरे यानी चार फीसद के बाहर चली जाती है तो फिर कर्ज के सस्ता होने की उम्मीद भी कम हो जाती है। महंगाई के ताजा आंकड़े फरवरी के हैं, जब पश्चिम एशिया में युद्ध के हालात नहीं थे। अब पिछले कुछ दिनों से जिस तरह ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका की साझा जंग चल रही है, उसका बाजार में थोक और खुदरा महंगाई पर क्या असर पड़ेगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल, युद्ध की वजह से तेल की सहज आपूर्ति को लेकर पहले ही कई तरह की आशंकाएं उभर रही थीं कि इस बीच ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के समुद्री मार्ग को बाधित कर दिया। इसके बाद उस रास्ते से भारत में भी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति व्यापक पैमाने पर बाधित हुई है और इसका असर बाजार पर पड़ना तय माना जा रहा है। फिलहाल खाना पकाने वाले गैस की कीमत में इजाफा और गैस सिलेंडरों की कमी की आशंका में लोगों के बीच मची अफरा-तफरी देखी जा सकती है।

# ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों को स्वागत समारोह आयोजित

## जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने लापरवाह पदाधिकारियों को दी सख्त चेतावनी

सितारगंज/रुद्रपुर भारतीय जनता पार्टी (ओबीसी मोर्चा)की तरफ ऊधमसिंह नगर जिला कार्यालय में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी और जिला प्रभारी अमित कुमार पाण्डेय, जिला महामंत्री तरुण दत्त, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी ललित राठौर, उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने अपने संबोधन में कड़ा रुख अपनाते हुए पदाधिकारियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पद मिलना केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। रस्तोगी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कई पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष पद मिलने के बाद भी न तो प्रदेश नेतृत्व से मिले और न ही सांगठनिक बैठकों में सक्रिय दिख रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि संगठन में पहचान केवल श्कामश और श्सक्रियताश से होगी, उदासीनता बरतने वालों के लिए संगठन में कोई स्थान नहीं है।रवि रस्तोगी ने जहाँ एक ओर अनुशासन की बात की, वहीं दूसरी



ओर समर्पित साथियों की जमकर सराहना भी की। उन्होंने जिला महामंत्री संतोष चंद और अजय मौर्य की तत्परता की प्रशंसा की। साथ ही रोड शो की योजना में सक्रिय सहयोग देने वाले मंडल अध्यक्ष संजय कुमार, अशोक गुप्ता, जिला मंत्री योगेंद्र चौधरी और महेंद्र गंगवार का आभार व्यक्त किया। जिला मंत्री मीना शर्मा द्वारा बड़ी संख्या में समर्थकों और गाड़ियों के साथ उत्साह दिखाने पर उन्हें श्नारी शक्तिश का प्रतीक बताते हुए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या एवं जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को आगामी चुनावों और बूथ स्तर पर मजबूती के लिए गुरुमंत्र दिया। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिले के सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर इन नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत हुआ इनमें जिला उपाध्यक्ष हरजीत राठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अनिल चंद, जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव, जिला मंत्री सचिन रस्तोगी, जिला मंत्री बलवीर कंबोज, जिला कोषाध्यक्ष दीपक गिरी, जिला कार्यालय मंत्री राकेश लोधी, जिला मीडिया संयोजक राजकुमार चौहान, जिला मीडिया से संयोजक मुकेश राठौर, जिला सोशल मीडिया सह संयोजक अजीत सिंह, जिला आईटीआई संयोजक अशोक वर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम रस्तोगी, अनिल रस्तोगी, महेंद्र गंगवार, आषा देवी, आशा मौर्या, मानसिंह श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष सतपाल गंगवार, कमलपाल, अशोक गुप्ता, रितिक कश्यप, सावन सिंह, चंद्रपाल गंगवार, संदीप बाबा, हरदेव सिंह, आशीष श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, रमेश चंद्र रामा, दिनेश गिरी सहित कार्यकर्ता बंधु मौजूद रहे।.

# बुराई में भी अच्छाई देखना ही सच्चे ज्ञानी की पहचान: नारायण चैतन्य

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूज्यनीय ब्रह्मलीन संत मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज के पावन स्थल वैष्णवी शक्तिपीठ मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने भक्ति की गंगा में गोते लगाए। कथा व्यास नारायण चैतन्य जी महाराज ने वट सावित्री व्रत की महिमा और पतिव्रता स्त्री के धर्म पर प्रकाश डालते हुए कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने सृष्टि वर्णन, शुकदेव- परीक्षित मिलन और सृष्टि विस्तार की कथा सुनाते हुए भक्तों को भावविभोर कर दिया।महाराज जी ने बताया कि हम सभी मनु महाराज की संतान हैं, इसीलिए हमें मनुष्य कहा जाता है। उन्होंने मनु जी की संतानोंख्र तीन कन्याएं (आकूती, देवहूती, प्रसूती) और दो पुत्रों (प्रियव्रत व उत्तानपाद) के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। विशेषकर देवहूति और ऋषि कर्दम के विवाह की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके यहाँ जन्मी नौ कन्याएं नवध ा भक्ति का स्वरूप हैं। जब जीवन में नवध ा भक्ति आती है, तो दसवें अवतार के रूप में स्वयं भगवान कपिल को आना ही पड़ता



है।कथा के मुख्य प्रसंग में ध्रुव चरित्र की व्याख्या करते हुए महाराज जी ने कहा कि ध्रुव को उनकी मौसी ने कटु वचन कहकर पिता की गोद से उतार दिया था, लेकिन उनकी माता ने उन कड़वे वचनों को भी सकारात्मक दिशा दे दी। उन्होंने कहा, ष्ज्ञानी व्यक्ति वही है जो बुराई में भी अच्छाई देख ले। ध्रुव की मां ने उन्हें भड़काया नहीं, बल्कि भगवान की शरण में जाने की प्रेरणा दी।ष ध्रुव जी की कठिन तपस्या और भगवान की प्राप्ति का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने संतों के स्वभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संतों को मनुष्य बुद्धि से नहीं समझा जा सकता, उनकी महिमा और कमी का एहसास उनके जाने के बाद ही होता है।इस आध्यात्मिक अवसर पर तुलसी धाम के महंत राजेंद्र जी महाराज, हरिधाम से महंत मनीष जी, भजन प्रकाश अरोड़ा, श्याम खुराना, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, प्रेम, राजेश, राजीव, सतनाम, जीतू, अशोक, लक्ष्य, जगदीश, आशा, रमन, शम्मी, सीमा, कंचन, गगन, सुनीता, प्रीति सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ठुकराल ने इंडेन गैस के एरिया सेल्स ऑफिसर हर्षित पंत का घेराव किया

रुद्रपुर । प्रशासन के तमाम दावों और सख्त फैसलों के बावजूद रसोई गैस के लिए मची मारामारी थमने का नाम नहीं ले रही है।इस दौरान अव्यवस्थाओं को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने एजेंसी पर पहुँचकर इंडेन गैस के एरिया सेल्स ऑफिसर हर्षित पंत का घेराव किया और आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की। पूर्व विधायक ठुकराल शनिवार को घंटों तक एजेंसी पर डटे रहे और उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर सेल्स ऑफिसर से तीखी नोकझोंक की।



उन्होंने कहा कि शहर में गैस की मांग बहुत अधिक है, जबकि एजेंसी पर केवल एक गाड़ी ही भेजी जा रही है, जो ऊंट के मुँह में जीरे के समान है। ठुकराल ने सेल्स ऑफिसर से दोटूक शब्दों में कहा कि जब तक गैस की गाड़ियों की संख्या नहीं बढ़ाई जाएगी, तब तक जनता का आक्रोश शांत नहीं होगा। पूर्व विधायक के कड़े रुख और जनता की परेशानी को देखते हुए सेल्स ऑफिसर हर्षित पंत ने तत्काल उच्च अधिकारियों से वार्ता की और एजेंसी के लिए एक अतिरिक्त गाड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई।

# गैस की कालाबाजारी के खिलाफ मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी क्षेत्र में एलपीजी गैस की कालाबाजारी और कृत्रिम किल्लत को लेकर उत्तराखंड चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति और स्वराज हिन्द फौज के पदाधिकारियों ने कड़ा रोष जताया है। कुमाऊं मंडल अध्यक्ष डॉ. हरीश पाल तथा स्वराज हिन्द फौज के संस्थापक अध्यक्ष सुशील भट्ट के संयुक्त नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसपी सिटी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मांग की गई कि जनता की मजबूरी का फायदा उठाकर गैस की ब्लैक मार्केटिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे डॉ. हरीश पाल ने कहा कि क्षेत्र में कुछ रसूखदार लोगों द्वारा गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण किया जा रहा



है, जिससे बाजार में गैस का कृत्रिम संकट पैदा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस किल्लत के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और जरूरतमंदों को गैस सिलेंडर लगभग दो-दो हजार रुपये तक में ब्लैक में बेचे जा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए, ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लग सके।स्वराज हिन्द फौज के संस्थापक अध्यक्ष सुशील भट्ट ने कहा कि गैस सिलेंडर हर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार की रसोई की बुनियादी जरूरत है। इसे लालच का साधन बनाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि मानवता के साथ भी अन्याय है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि अवैध भंडारण करने वालों के ठिकानों पर छापेमारी कर स्टॉक जब्त किया जाए और जनता को सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से डॉ. हरीश पाल, सुशील भट्ट, के.एस. काण्डपाल, पी.सी. दानी, डी.एन. जोशी, भुवन तिवारी, प्रकाश जोशी, भास्कर साह, विकास कुमार, पवन अर्पित पाल, अमित सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# भट्ट ने किया होम डिलीवरी के माध्यम से ही रसोई गैस प्राप्त करने का आग्रह

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा है कि घरेलू एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने लोगों से धैर्य बनाए रखने और केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही गैस प्राप्त करने का आग्रह किया है। इस संबंध में उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव तथा नैनीताल और उधम सिंह नगर के जिलाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर बेहतर और पारदर्शी वितरण व्यवस्था लागू करने के कड़े निर्देश दिए।शुक्रवार को सांसद अजय भट्ट ने मुख्य सचिव आनंद वर्धन से वार्ता कर गैस वितरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकसभा में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा यह साफ किया जा चुका है कि देश में पेट्रोलियम व गैस की कोई किल्लत नहीं है। ऐसे में राज्य के उपभोक्ताओं को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं तक होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें गोदामों पर चक्कर न काटने पड़ें। सांसद अजय भट्ट ने नैनीताल के जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल और उधम सिंह नगर के जिलाधिकारी नितिन भदोरिया से भी वार्ता की। उन्होंने निर्देश दिए कि गैस गोदामों पर भीड़ जमा न हो, इसके लिए होम डिलीवरी प्रणाली को सुचारु बनाया जाए। अजय भट्ट ने ऑनलाइन बुकिंग में आ रही तकनीकी दिक्कतों को भी तत्काल दूर करने को कहा। अधिकारियों ने सांसद को अवगत कराया कि वर्तमान में ऑफलाइन बुकिंग सहित अन्य विकल्प खोल दिए गए हैं और जनता से भी केवल होम डिलीवरी सेवा का लाभ लेने की अपील की जा रही है ताकि वितरण व्यवस्था पारदर्शी बनी रहे।

# कालाबाजारी रोकने को पुलिस की निगरानी में बटे सिलेंडर

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलेभर में रसोई गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने को पुलिस एक्टिव हो गई है। शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी पर सिलेंडरों का वितरण किया गया। वहीं, विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के ने सभी थाना और चौकी पुलिस को निर्देश दिए हैं कि रसोई सिलेंडरों का वितरण शांतिपूर्वक हो। इसके लिए गैस गोदामों,



एजेंसियों और प्रतिष्ठानों में कड़ी नजर बनाए रखें। सघन चेकिंग अभियान चलाएं, ताकि कोई भी सिलेंडरों का अवैध भंडारण न कर पाए। निर्देश दिए हैं कि अगर कोई भी सिलेंडरों का अवैध भंडारण करते मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शुक्रवार को एडिशन एसपी हरबंस सिंह की देखरेख में पूरी कार्रवाई की गई। थाना-चौकियों में आने वाले सभी सिलेंडर वितरण केंद्रों में नजर रखी गई। अधिकांश जगहों पर लोगों को बिना किसी विवाद के सिलेंडर उपलब्ध कराए गए। वहीं, एसएसपी ने लोगों से अपील की है कि किसी प्रकार का संकट नहीं हैं।

# गैस आपूर्ति को लेकर प्रशासन ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी

दिनेशपुर। जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में दिनेशपुर स्थित भारत गैस एजेंसी के वितरण केंद्र पर पहुंच कर उप जिलाधिकारी रिचा सिंह ने आपूर्ति से संबंधित उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना उपभोक्ताओं से बातचीत की और उनकी शिकायतों का समाधान किया।अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं



को आश्वस्त किया गया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गैस आपूर्ति बाधित नहीं होने दी जाएगी और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही पूर्ति निरीक्षक को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि गैस वितरण व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहे।निरीक्षण के दौरान मौके पर ही गैस आपूर्ति भी कराई गई, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिली। प्रशासन ने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि वितरण में पारदर्शिता बनाए रखें और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दें।

# छह किलो गांजा सहित तस्कर दबोचा

## 51 हजार से अधिक की नकदी और आईफोन भी बरामद

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे कड़े अभियान के तहत रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने बगवाड़ा क्षेत्र से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब छह किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। शनिवार तड़के उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम रात्रि गश्त और संदिग्धों की चैकिंग कर रही थी। चौकिंग के दौरान पुलिस टीम बगवाड़ा चौकी क्षेत्र में किच्छा रोड पर पहुंची, जहां भट्टे वाली गली में एक संदिग्ध व्यक्ति कंधे पर प्लास्टिक का कट्टा लेकर जाता दिखाई दिया। पुलिस को देख वह भागने लगा, जिसे टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर पकड़े गए व्यक्ति के पास मौजूद कट्टे से 5.890 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इसके अलावा अभियुक्त की जामातलाशी में पुलिस को 51,300 रुपये की नकद धनराशि, एक आईफोन 16 प्रो मैक्स और आधार कार्ड बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम राजीव कुमार निवासी बगवाड़ा भट्टा, रुद्रपुर बताया। अभियुक्त मूल रूप से बिलासपुर, जिला रामपुर का रहने वाला है। पूछताछ में अभियुक्त राजीव ने कबूल किया कि वह पिछले डेढ़ साल से गांजे की तस्करी कर रहा है। उसने बताया कि वह भूरारानी निवासी मुकेश साहनी उर्फ डल्ला से कम दाम में गांजा खरीदकर लाता था और फिर छोटे-छोटे पैकेट बनाकर ऊंचे दामों पर बेचता था। बरामद हुई नकदी को उसने गांजा बेचकर कमाई गई रकम बताया। पुलिस अब गांजा सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी की तलाश में जुट गई है। सफलता प्राप्त करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी, उपनिरीक्षक सुरेंद्र रिंगवाल, उपनिरीक्षक जीवन अधिकारी, एएनटीएफ के हेड कांस्टेबल भुवन पांडे, कांस्टेबल विनोद खत्री, कृष्णा टम्टा, ताजवीर शाही, देवेंद्र तोमक्याल और महिला कांस्टेबल ममता आर्या शामिल रहीं।



# भाजपा नेता के विवादित बयान पर फूटा गुस्सा

बाजपुर (उद संवाददाता)। ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के उत्तराखंड प्रदेश महामंत्री हाजी कदीर अहमद के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उपजिलाधिकारी अमृता शर्मा के माध्यम से राष्ट्रपति और राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में भाजपा नेता खीम सिंह दानू द्वारा सोशल मीडिया पर दलित और मुस्लिम समाज के प्रति कथित तौर पर इस्तेमाल की गई आपत्तिजनक भाषा पर गहरा रोष व्यक्त किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी नेता के खिलाफ अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम (एससी एक्ट) के तहत मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।इस अवसर पर ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के प्रदेश महामंत्री हाजी कदीर अहमद ने कहा कि बाजपुर क्षेत्र हमेशा से ही कौमी एकता का गुलदस्ता रहा है, जहां सभी वर्गों के लोग आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ रहते आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि खीम सिंह दानू का इस तरह का बयान क्षेत्र के अमन-चौन को खराब करने की एक सोची-समझी साजिश है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति इस तरह की अभद्र टिप्पणी करना बेहद निंदनीय है और इससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।हाजी कदीर अहमद ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे भड़काऊ बयान देने वाले व्यक्ति पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में कोई अन्य व्यक्ति इस तरह की बयानबाजी कर इलाके का माहौल बिगाड़ने का दुस्साहस न कर सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नफरत फैलाने वालों पर लगाम कसना अनिवार्य है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुस्लिम समुदाय के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और उन्होंने एक स्वर में आरोपी नेता की गिरफ्तारी की मांग उठाई।



# ड्यूटी पर जा रही महिला कर्मी से छेड़खानी और हमला

रामनगर (उद संवाददाता)। सरकार और प्रशासन द्वारा महिला सुरक्षा के तमाम दावों के बीच रामनगर में एक दुस्साहसिक वारदात सामने आई है। शुक्रवार सुबह सरकारी अस्पताल में संविदा पर तैनात एक महिला कर्मचारी जब ड्यूटी के लिए घर से निकली, तब एक अज्ञात युवक ने उन पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद से पीड़िता बेहद डरी हुई है और अस्पताल की अन्य महिला कर्मचारियों में भी भारी दहशत व्याप्त है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला कर्मचारी सुबह अपने घर से अस्पताल की ओर जा रही थी। घर से कुछ ही दूरी पर स्थित रेलवे पटरी के समीप एक अनजान युवक ने पीछे से उन पर हमला बोल दिया। आरोपी ने महिला का मुंह दबाकर उन्हें जमीन पर गिरा दिया और उनके साथ छेड़खानी व मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, युवक ने महिला का मोबाइल फोन भी छीन लिया। पीड़िता ने साहस का परिचय देते हुए संघर्ष किया और खुद को हमलावर के चंगुल से छुड़ाया। इस बीच युवक फोन फेंककर मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने बदहवास हालत में अस्पताल स्टाफ को फोन पर घटना की जानकारी दी, जिसे सुनकर सहकर्मियों में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही अस्पताल के चिकित्सक और कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और डरी-सहमी महिला को अस्पताल लेकर आए। हमले में चोटिल हुई कर्मचारी का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद से सरकारी और निजी संस्थानों में काम करने वाली महिलाओं में असुरक्षा की भावना घर कर गई है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है।

# खाली सिलेंडरों के साथ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रसोई गैस की भारी किल्लत और वितरण व्यवस्था में विफलता को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। शनिवार को महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा और महानगर अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने खाली गैस सिलेंडर लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की धामी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा आज उत्तराखंड की जनता भाजपा सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा भुगत रही है। गैस के लिए लोगों को घंटों लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। महंगाई ने पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ दी है, ऊपर से अब रसोई गैस की उपलब्धता न होना सरकार की बड़ी प्रशासनिक नाकामी है। महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा सरकार के गलत फैसलों के कारण महंगाई आज आसमान छू रही है। लोग अपने घरों के जरूरी काम छोड़कर गैस एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं। यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। यदि जल्द ही गैस आपूर्ति सुचारू नहीं की गई, तो आंदोलन को और भी उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन में उमा सरकार, मोहन कुमार, राकेश अधिकारी, अनुज कुमार, चमन सागर, जयदीप मिस्त्री, बेबी सिकदार,प्रीति साना, राकेश कुमार, छत्रपाल, राहुल प्रजापति, बबलू सागर, बाबू विश्वकर्मा, मधु सिकदर, शम्भू नाथ मौर्य, कविता, गौरी, चांदनी, राकेश कोली, राजवीर, राजेश कुमार, अनिल शर्मा, अरविन्द सक्सेना, भूरी, राजरानी, मानस विश्वासी, अर्जुन विश्वास और अंकित अधिकारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

रामनगर (उद संवाददाता)। शुक्रवार की शाम ग्राम बैलपड़ाव के समीप कोटाबाग मार्ग पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पवलगढ़ के पास एक कार और बाइक की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मृतक की बाइक कार के अगले हिस्से में फंस गई और काफी दूरी तक कार के साथ ही घिसटती हुई चली गई। इस हृदयविदारक घटना को देख मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने तुरंत पुलिस और आपातकालीन सेवा को इसकी सूचना दी। हादसे की जानकारी मिलते ही 108 एम्बुलेंस के माध्यम से घायल युवक को आनन-फानन में उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुँचाया गया। अस्पताल में प्राथमिक परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संयुक्त चिकित्सालय की चिकित्सक हिमानी ने बताया कि मृतक बाइक सवार की पहचान 30 वर्षीय हिमांशु टम्टा के रूप में हुई है, जो ग्राम सेमलचौड़ बैलपड़ाव का रहने वाला था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने अस्पताल पहुँचकर शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है, जिसके बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के संबंध में वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# युवक रहस्यमय परिस्थितियों में गायब

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। युवक के परिजनों द्वारा किच्छा कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने विभिन्न स्तरों पर खोजबीन शुरू कर दी है, लेकिन अब तक युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया है। मामले की जानकारी देते हुए उपनिरीक्षक मनोज भ्रीतवाल ने बताया कि वार्ड नंबर 16, टीचर्स कॉलोनी निवासी धर्मपाल (32 वर्ष) पुत्र कृष्णा कश्यप के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार, धर्मपाल 8 अप्रैल 2025 को रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया था। उसे अंतिम बार मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर देखा गया था, जिसके बाद से उसका कोई अता-पता नहीं है। पुलिस द्वारा जारी हुलिए के अनुसार, गायब युवक का रंग काला है और लापता होने के समय उसने नीले रंग का लोअर पहना हुआ था। युवक के अचानक गायब होने से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और वे किसी अनहोनी की आशंका से बेहद परेशान हैं। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि इस हुलिए का कोई भी व्यक्ति कहीं दिखाई दे, तो तत्काल किच्छा कोतवाली को सूचित कर सहयोग करें।




हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :

आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444


# पेज एक का शेष...

**आधुनिक तकनीक और...**कर रही है ताकि हर किसान को समय पर खाद, बीज और सिंचाई की सुविधा मिल सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसान मेला मात्र एक प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि यह प्रगतिशील विचारों के आदान-प्रदान का एक बड़ा मंच है जहाँ का ज्ञान लेकर किसान अपने खेतों की तकदीर बदल सकता है। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से आए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि जब एक किसान सफल होता है, तो पूरा गांव और देश आगे बढ़ता है। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि पंतनगर की इस पावन धरा से शुरू हुआ यह मेला प्रदेश के कृषि परिदृश्य में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का भ्रमण करते हुए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की भी सराहना की और उन्हें स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजेश शुकला, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, कुलपति मनमोहन सिंह, मेयर विकास शर्मा, अनिल कपूर डब्बू सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**कार खाई में गिरने से ...**वाहन को गिरा देखा, तो तुरंत इसकी सूचना मरचूला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस का राहत एवं बचाव दल स्थानीय ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुँचा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त कार के भीतर फंसे व्यक्ति को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। मृतक की शिनाख्त 35 वर्षीय सुभाष सिंह बिष्ट पुत्र धीरेंद्र सिंह बिष्ट के रूप में हुई। सुभाष मूल रूप से पौड़ी गढ़वाल के तहसील गुजडू धुमाकोट स्थित सुनवर्मा गांव के रहने वाले थे और वर्तमान में उनका परिवार कचनालगाजी बिजलीघर के पास, काशीपुर में निवास करता है। परिजनों और बैंक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सुभाष सिंह बिष्ट थलीसैंण (पीएनबी) में हेड कैशियर की जिम्मेदारी निभा रहे थे। शुक्रवार शाम को बैंक का कार्य निपटाने के बाद वे शनिवार और रविवार के अवकाश के चलते अपनी कार से काशीपुर स्थित घर के लिए निकले थे। रात के सफर या सुबह की थकान के बीच कूपी बैंड के पास यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते

**आग का गोला बनी...**को सूचना मिली कि पुलभट्टा के पास एक वाहन आग का गोला बना हुआ है। सूचना पर तत्काल फायर यूनिट किच्छा के दो वाहन घटनास्थल के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि वार्ड नंबर-18 सिरौली कला निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र नूर साहब की रेनॉल्ट क्विड कार यूके -18क्यू 4442 में अज्ञात कारणों से आग लगी है। घटनास्थल का मार्ग अत्यंत संकरा और व्यस्त होने के कारण विभाग का बड़ा फायर वाहन मौके तक नहीं पहुंच सका। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल कर्मियों ने बिना समय गंवाए छोटे फायर वाहन से पंपिंग शुरू की और आग बुझाने के कार्य में जुट गए। काफी प्रयासों के बाद आग को पूरी तरह बुझा लिया गया, लेकिन तब तक कार काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। राहत की बात यह रही कि जिस समय कार में आग लगी, उसमें कोई सवार नहीं था और न ही आसपास कोई मौजूद था, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग बुझाने में दमकल विभाग से मदन सिंह रावत, भगवान सिंह प्रमोद सौन साहित्य कई लोग उपस्थित थे।

**भीषण आगें तीन ...**स्वाहा हो गया। इसी तरह समीप स्थित फल फ्रूट की दुकान में भी अग्निकांड से हजारों का नुकसान हुआ। पीड़ित व्यापारी अनिल शर्मा शनिवार तड़के अपनी बहन के मौत की खबर सुनकर गाजियाबाद के लिए निकले थे। अग्निकांड की जब सूचना मिली तो वह मार्ग में थे। बताया जा रहा है कि यदि दमकल कर्मी समय पर घटनास्थल पर नहीं पहुंचते तो आज और विकराल रूप ले सकती थी और जनहानि की घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता था।

**बड़ी चोरी का ...**कैमरों की फुटेज को बारीकी से खंगाला। कांस्टेबल बलवंत सिंह और रोहित कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका और मैनुअल इंटेलिजेंस की मदद से संदिग्ध की पहचान गौरव कुमार (25 वर्ष) निवासी दमुआढूंगा के रूप में हुई। शुक्रवार, 13 मार्च को मुखानी पुलिस ने हल्दीखाल मार्ग पर घेराबंदी कर अभियुक्त गौरव कुमार को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी किए गए सोने के दो मंगलसूत्र, दो पौंची, नथ, टीका, झुमके, नगदी और एक सैमसंग मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त का पुराना आपराधिक इतिहास भी है और वह पूर्व में थाना काठगोदाम से जेल जा चुका है। सफलता प्राप्त करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सुशील जोशी, उपनिरीक्षक वीरेंद्र चंद्र, कांस्टेबल रोहित कुमार, बलवंत सिंह, धीरज सुगड़ा, रविंद्र खाती और अरविंद (एसओजी) शामिल रहे। एसएसपी नैनीताल ने टीम के इस त्वरित कार्य की सराहना की है।

**जेवर नगदी छोड़..**के बाद ही साफ हो सकेगा। फिलहाल इलाके में यह घटना लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है कि चोर घर में घुसा, लेकिन जेवर और नगदी छोड़कर केवल गैस सिलेंडर ही लेकर चला गया।

**सड़क निर्माण नहीं होने ...**फोड़ने और फीता काटने तक सीमित हैं, जबकि जनता धूल और गड्ढों के बीच खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। धरने में शामिल रतनपुरी, रतनपुरा, अलखदेवी, महतोष, संजय नगर और नवाबगंज के ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर सड़क पर दिन-रात भारी डंपर और ट्रक दौड़ते हैं, जिससे बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और अब इस पर चलना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। बरसात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों के बीच पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शासन-प्रशासन की उदासीनता पर गंभीर सवाल उठाए। शिलान्यास के बाद भी सड़क न बनना प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। दोपहर बाद मौके पर पहुंचे लोनिवि के जेई हरीश बसेड़ा और सचिन नौटियाल का ठुकराल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने घेराव किया। इस दौरान ठुकराल ने चेतावनी दी कि एक सप्ताह में सड़क का निर्माण शुरू नहीं हुआ तो लोनिवि कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। लोनिवि अधिकारियों ने जल्द निर्माण शुरू करने का आश्वासन दिया। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान प्रदीप सिंह बतरा, उज्जवल सिंह, मुख्त्यार सिंह, प्रदीप सिंह, भजनीक सिंह, गुरदीप सिंह, गगन दीप सिंह, सरदार सिंह, बलविंदर सिंह, भूपेन्द्र सिंह, मलकीत सिंह, मंजीत सिंह, गुरबाज सिंह, रणजीत सिंह, पवनदीप, रामपाल, लाल चन्द्र, जोगेन्द्र सिंह, बलिहार सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गुंजन सुखीजा के जन्मदिन में पहुंचे हजारों लोग





## जन्मदिन पर आयोजित संत समागम में बधाई देने वालों का लगा तांता

गदरपुर। भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के जन्मदिवस के अवसर पर गदरपुर के बुद्ध बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर में संत समागम एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान आयोजित भजन संध्या में एकल अभियान के प्रसिद्ध गायकों तथा इस्कॉन मंदिर से आए कीर्तन मंडलियों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। हरि नाम संकीर्तन पर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर झूमते नजर आए।इस अवसर पर विभिन्न मठों और मंदिरों से पधारे संतों एवं गुरुद्वारों के ग्रंथियों का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। गुंजन सुखीजा द्वारा संतों का विधि-विधान से पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया गया तथा उन्हें सम्मानित किया गया। जन्मदिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, भाजपा के प्रदेश व जिला स्तरीय पदाधिकारियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर गुंजन सुखीजा को पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की।इस दौरान गुंजन सुखीजा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संतों की सेवा और समाज का प्रेम ही उनके लिए सबसे बड़ा उपहार है। उन्होंने कहा कि गदरपुर की जनता और संतों का आशीर्वाद उनकी सबसे बड़ी पूंजी है तथा वह जीवनभर समाज और सनातन संस्कृति की सेवा के लिए समर्पित रहेंगे।कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, भाजपा जिला प्रभारी पुष्कर काला, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल, मेयर विकास शर्मा, भाजपा नेता सुरेश कोली, भाजपा नेता विकास भगत, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर, नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुग, नगर पंचायत अध्यक्ष पति कावल सिंह, भाजपा नेता सुरेंद्र नामधारी, भाजपा नेता राजेश कुमार, भाजपा नेता सुरेश कंबोज सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की जनता उपस्थित रही।













